**Nai Dunia (Indore), 10th December 2022, Page – 02**

पालन करने की सामूहिक शपथ ली।

**सावधानी बरतना जरूरी**

जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने कहा कि स्कूल-कालेज में पहुंचते ही युवा बिना वाहन के चलना पसंद नहीं करते है। मगर वे ही सबसे ज्यादा नियमों को तोड़ते हैं। अब यातायात को बेहतर बनाने की जरूरत है, जिसमें इन्हीं युवाओं की भागीदारी जरूरी है।

**हर बिंदुओं पर ध्यान रखने को कहेंगे**

कलेक्टर इलैया राजा टी ने कहा कि जिस तरह नईदुनिया ने अभियान के दौरान सड़क की डिजाइन, सड़क निर्माण और विशेषज्ञों से चर्चा कर हर बिंदुओं को उठाया है, वैसे ही प्रशासन भी सड़क निर्माण के दौरान इंजीनियरों को हर बिंदुओं पर विशेष ध्यान रखने के लिए निर्देशित करेगा।

**लोक परिवहन का करें उपयोग**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि लोगों को लोक परिवहन का अधिक से अधिक उपयोग करने की जरूरत है।

## इन संस्थानों और स्थानों पर हुआ यातायात जागरूकता का शपथ ग्रहण कार्यक्रम

कलेक्टर कार्यालय, इंदौर विकास प्राधिकरण भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय प्रबंध संस्थान, श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान व प्रेस्टीज स्कूल में शपथ ग्रहण कार्यक्रम किया गया। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आइईटी, आइआइपीएस, फिजिकल एजुकेशन, लाइफ लांग लर्निंग, पत्रकारिता विभाग, अरिहंत कालेज, इंदौर महाविद्यालय, श्री जैन दिवाकर महाविद्यालय, यशंवतसिंह स्मृति बीएड-नर्सिंग कालेज, भारत बाल विनय स्कूल, वन-एमपी गर्ल्स बटालियन के प्रशिक्षण शिविर, शासकीय बालक संयोगितागंज हायर सेकंडरी क्रमांक-एक, मालव कन्या हायर सेकंडरी विद्यालय मोती तबेला, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल हातोद, बुरानाखेड़ी, बिचौली मर्दाना, बसांद्रा, शासकीय हाईस्कूल सीतापत, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिजलपुर, शासकीय हाईस्कूल यशवंत नगर, शासकीय हाईस्कूल दतोदा, महाराजा शिवाजी राव सीएम राइज स्कूल, अहिल्या आश्रम सीएम राइज स्कूल, सीएम राइज हायर सेकंडरी स्कूल नंदानगर एवं शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बजरंग नगर, आइपीएस कालेज, बाथम आइएएस कोचिंग, शासकीय अष्टांग आयुर्वेद कालेज, शासकीय ललित कला संस्थान, लता मंगेशकर शासकीय संगीत महाविद्यालय, रोटरी क्लब आफ इंदौर अपटाउन ने कौटिल्य एकेडमी और विद्यांजलि स्कूल में रोटरी क्लब आफ इंदौर मेघदूत, लायंस क्लब आफ इंदौर सनशाइन ने मालवीय नगर के शासकीय हाईस्कूल और निरंजनपुर स्थित गोल्डन पाम, शासकीय आइटीआइ, रोटरी क्लब आफ इंदौर मेघदूत व रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040, एसकेआरपी गुजराती होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, अटलबिहारी वाजपेयी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू, अग्रवाल वैश्य व लायंस क्लब, नगर निगम मुख्यालय, बीएसएफ सीएसडब्ल्यूटी परिसर, एमजीएम एलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट, खजराना गणेश मंदिर, रणजीत हनुमान मंदिर, महावीर कीर्ति स्तंभ रीगल चौराहा पर दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद, गोयल नगर में बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन का योग शिविर, भंडारी हाल कनाड़िया रोड पर जैन श्वेतांबर महासंघ, दिगंबर जैन मंदिर क्लर्क कालोनी, बड़ा गणपति चौराहा पर इंदौर जिला माहेश्वरी युवा संगठन, लालबाग में लालबाग मार्निंग वाकर्स ग्रुप, पलासिया के ओमशांति भवन में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, अग्रवाल महासभा द्वारा मालवा मिल चौराहा, अखंडधाम एरोड्रम रोड पर 55वें अखंड वेदांत संत सम्मेलन और गीता भवन मनोरमागंज में यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई।



बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा ईशकृपा गार्डन गोयल नगर में योग शिविर में शामिल 500 शिविरार्थियों ने यातायात के नियमों के पालन की शपथ ली। ●नईदुनिया

## अफसरों ने पुलिस कर्मियों को दिलाई शपथ

बड़वाली चौकी स्थित आइजी( ग्रामीण) राकेश गुप्ता के कार्यालय में एआइजी सोनाली दुबे, पुलिस आयुक्त कार्यालय में आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई। पुलिस कंट्रोल रूम पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मनीष कपूरिया और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजेश हिंगणकर, जीआरपी एसपी निवेदिता गुप्ता ने शपथ दिलाई। जिला पुलिस लाइन, पलासिया चौराहा, यातायात( एमटीएच), यातायात( महूनाका), महिला थाना, तुकोगंज थाना, कनाड़िया रोड, परदेशीपुरा, छत्रीपुर, जूनी इंदौर, चंदननगर, भंवरकुआं थाना, रावजी बाजार थाना, द्वारकापुरी थाना, अन्नपूर्णा थाना में शपथ दिलाई गई।



आइआइटी इंदौर के स्टाफ ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शपथ ली। ●सौ. संस्थान



मप्र टेबल टेनिस संगठन के पदाधिकारी और खिलाड़ी शपथ लेते हुए। ●सौ. संगठन